विचमें मिल्यो गुमासतो, चोथो चंपक सार ॥४॥
लखी विणजारो पांचमो, सहु पिण मिलीया आय।
वेनातट भाई जिहां, डेरो कीनो जाय ॥ ५ ॥

॥ढाल ७॥

(तो पर मुगलमया करे, ए देशी)

लारे लेई गुमासता जी कांइ ॥लारे०॥ सेठ आयो हो, ले करमें भेट राय जमाइ रे आगल। कर जोड़ी हो । आण उभो थेट । सज्जन भलांई पधारीया ॥ आंकडी ॥ १ ॥ प्रीतम निंजरां पेखी-योजी कांइ प्री० ॥ कांइ हरखी हो, आ हिवड़ारे मांय । रोम रोम तन उलस्यो कांइ, आदर हो दे लीयो बुलाय ॥ स० ॥ २ ॥ कर मुजरो भेट मेलनेंजी कांइ ॥ क०॥ कहे मोटा हो तुम गरीब निवाज, थारी छत्र छाया वसां, राज राखो हो तुम्हो म्हारी लाज ॥ स० ॥ ३॥ किण कारण हूवो आवणोजी कांइ ॥ कि० ॥ कांइ पूछे हो मन धरी उमेद । संका काई राखो मती कांइ सुणता हो नहीं पामो खेद ॥ स० ॥ ४ ॥ जे भाखो ते सही करांजी कांइ ॥ जे० ॥ उपगारी हो तुम गणारी खांण, मरजी हुवेतो तेडुं, इहां फुरमावो हो

सो करुं प्रणाम ॥ स० ॥ ५ ॥ नृप कहे रहो किण जायगा जी कांइं ॥ नृ० ॥ देव रमण हो पुरो सहिररे मांय, उहां रेवास छे माहरो, सेठ बोल्यो हो इम सीस नमाय ॥ स० ॥ ६ ॥ आसां जद उण मारगे जी कांई ॥ आ० ॥ तद लेसां हो तुझ बंधव देख, सीख दीधी कर खातरी इण बातरी हो नहीं जेज विसेस ॥स० ॥ ७ ॥ कर असवारी नीसर्या जी कांइं ॥ क० ॥ दिन दूजे हो करण नें सेल, बाग बगीचा जायने पाछा घिरता हो आया इण गेल ॥ स० ॥ ८ ॥

॥ दोहा ॥

रायसुता पति आवतो, देखी हरख्यो मन।
सेठ कहे किरपाकरी, आज दिहाड़ो धन ॥१॥

॥ ढाल ॥ ८ ॥

(एक दिवस लङ्कापति, ए देशी)

रथसुं हेठो उतरी। मन माहे उमंग धरी।
हरख भरी आयो दुकाने सेठरी ए ॥ १ ॥ घणा

लोकां वृंदमें, राय जमाई आनंद में, आप बेठो सिंघासण उपरे ए ॥२॥ सेठ दोनुं कर जोड़ नें, विनो करी मद मोड़ नें ॥ मो०॥ हाजर मुखने आगले ए ॥३॥ वैद कहे चित्र सारनें, खुसी हो विणज व्योपारमें ॥ व्यो० ॥ खेचल नहीं हे राजरी ए ॥४॥ सेठ कहे महारायजी, खेचल नहीं है कायजी ॥ का० ॥ तुम परसाद सुखीया वसां ए ॥ ५ ॥ मांहो मांहीं वाता करे, देख्यां हीं नयणा ठरे ॥ न० ॥ प्रेम हीये मावे नहीं ए ॥ ६ ॥ अरज म्हारी मनाइये, मुझ बंधव रोग मिटाइये (गमाइये), कहो तो बोलाउं इण जायगा ए ॥ ७ ॥ भलां बुलाओ इम कह्यो, सेठ मन आनंद भयो। जननें कयो। ततखिण तिहां तेड़ावीया ए ॥ ८ ॥ डीलमें राध लोही झरे, लोक देख सुग्या धरे। आगा करे मांख्या चटका दे रही ए ॥ ९ ॥ पेली निदान कीजिये, पीछे ओषध दीजीये ॥ दी० ॥ पूछे उतपत्त रोगनी ए ॥ १०॥ सेठ बोल्यो इण परे, रोग व्याप्यो किण

तरे ॥ कि० ॥ विध बतावो पाछली ए ॥ ११ ॥ गर्मी कफ वाय बतावीया, वैद रे मन न भावीया ॥ भा० ॥ हम पोथीमें ना लिख्या ए ॥ १२॥ कच पच बात मतां करो, साच हुवे सो उच्चरो ॥ उ० ॥ हम पोथी साची सही ए ॥ १३॥ मूल उतपत बतावसी, तद रोग जावसी ॥ जा० ॥ नहींतर. हम जावां सही ए ॥ १४ ॥ सेठ नयणारुण करी, सांच कहो थे हित धरी ॥ हि० ॥ शरम मांहे किम पड़ो ए ॥ १५ ॥

॥ दोहा ॥

खलक लोक मिलीया घणा, कहतां नावे लाज ।
साच कह्यां बिन माहरो, कोई न बने इलाज ॥१॥
सागरदत्त इम चिंतवी, चित्रसार नें तांम । कहे हुं कुलखांपण हुवो, खोइ घरनो मांम ॥ २ ॥

॥ ढाल ९॥

(माल पुरोरांणीजी मारीयो, ए देशी)

मुख पर कपड़ो रालनें । वचन वदे तिण

वार ॥ बंधव मोरा हो तुम नारी रूप देखने ॥ मुझ व्याप्यो मदन विकार ॥ बं० ॥ सागरदत्त इण पर कहे ॥ १ ॥ गहणा कपड़ा आद दे, बसतां मेली रसाल । बं० ॥ उण सती वंछी नहीं, मैं जाय कह्यो कोटवाल ॥ बं० ॥ २ ॥ सा० ॥ कोटवाल पिण चल गयो, बोलावी कहिवाय ॥बं०॥ सुख भोगव तुं मुझ थकी, सती न मानी काय ॥ बं० ॥ ३ ॥ सा० ॥ डाकण आल दोनुं देइ, अध गाडी शहर रे बार ॥बं०॥ पछे मैं हुय गया कोढ़ीया, पाप तणे परकार । बं० ॥ ४ ॥ सा० ॥ गुमासतो कहे तिण नारने, मुझ सेठ लायो निज गेह ॥बं०॥ हूं रूप देखीनें रिंझियो, धुरकारयो नहीं कीयो नेह ॥ बं० ॥ ५ ॥ सा० डाकण आल दीयो तदा, सेठ चमक्यो चित्र मझार ॥ बं० ॥ सहस मोरां देइ करी, काढी घर रे बार ॥ बं० ॥ ६ ॥सा०॥ तिण पापे हुं कोढी हुवो, चटके चंपक बोल्यो वाय ॥ बं० ॥ झगड़ो मेल्यो माहरो, बाइ कहिलायो गेह ॥ बं० ॥ ७॥

सा० ॥ लखी विणजारे लोभ दीयो, मुझ कनासुं ले गयो एह ॥ वं० ॥ हुं कृतघन कोढी हुवो, बिगड़ गई मुझ देह ॥ बं० ॥ ८ ॥ सा०॥ लखी विणजारो बोलीयो, सती व मोटकी थाय ॥ बं० ॥ मैं वकारी ज्याजमें, तद पड़ी उछालो खाय ॥बं०॥९॥ सा०॥ तिवारे पछे हुवो कोढीयो, मैं पाप कीया कुपात ॥ बं० ॥ वैद्य कहे साचो कही, पोथी मुजब सब बात ॥बं०॥१०॥सा०॥

॥ सोरठा ॥

चित्रसार सुण वेण, दुख व्याप्यो मन में घणो । वा नारी मुझसेण, समुद्र पड़ी सो कद मिले ॥१॥ धसक उछालो खाय, पड़ीयो धरणी ऊपरे । सितल पवन ढोलाय, कीयो सचेतन सेठनें ॥ २ ॥

॥ ढाल १० ॥

(इडर आंबा आंबली रे, ए देशी)

वैद्य कहे चित्रसार नें रे, इतनो मोह करो

केम । नारी नेहरे कारणे रे, पुरुष झुरे नहीं एम ॥ चतुर नर ॥ नारी सोच निवार ॥ १ ॥ उवा गइतो जाणदो रे, फेर परणो वर नार । दाम होसी घर ताहरे रे, तो मिलसी नार हजार ॥च० ना० ॥ ॥२॥ वैद्य वयण सुणी करी रे, सेठ वदे इम वाण । रूप लावण गुण आगली रे, उसी फेर मिले कद आंण ॥च०ना०॥ ३ ॥ वैद्य कहे सुणो सेठजी रे, सोच म करो कांय । भागे लिखी जो ताहरे रे, तो मिलसे वाहीज आय ॥च०ना०॥४॥ थे कहो जिम हूं करुं रे, इणां तणा जतन । सेठ कहे जावो आगड़ा रे, बोल्यो इम खांचो मन ॥ च०ना०॥५॥ सिध वैद करुणा आंणने रे, जड़ीयां खोली नीर । उपचार कीयो पांचुं तणो रे, हुवा कंचण वरण शरीर ॥च०ना०॥६॥ राय जमाइ कहे सेठने रे, तुमचो देखावो गेह । सवलदासजी कहे सांभलो रे, आणी अधिक सनेह॥च०ना०॥७॥

॥ सोरठा ॥

सेठने लारे लेह, महल देखवा कारणे।
राय जमाइ तेह, आयो मन उमंग धरी ॥ १ ॥
छयल महिल में पेठ, सधर कपाट जड़ी करी।
बारे ऊभो छे सेठ, नारी निज सागे बणी ॥२॥

॥ ढाल ११ ॥

(मोतीदोनी हमारो राजिन्द मोतीदोनी, ए देशी)

ततखिण दीनो पट उघाड़ी, देखे तो अमरी समा नारी। पिउड़ा बलीहारो तुंहारी, पिउड़ा ॥ आंकड़ी ॥ एसो सुपनो मुझने आवे, के कोई इन्द्र जाल दिखावे ॥ पि० ॥ १ ॥ पेठो मर्द ने नीसरी नारी, वदन देखतां सहि मुझ प्यारी ॥ पि०। शुं विमासो कहे इम बाला, थे मुझ प्रीतम प्राण रसाला ॥ पि० ॥२॥ खानाजाद हुं दासी तुमारी, विरह पीड़ मिटावो हमारी ॥पि० ॥ धणी धणीयाणी दोनुं हिल मिलीया, जाणे पयमें पतासा मिलीया ॥ पि० ॥ ३ ॥ हियड़ा

भितर हरख न मावे, ज्युं ससि सायर लहर चढावे ॥ पि० ॥ पुरुष अवस्था किण विध पाई, धुरापेट सुं सरब बताई ॥ पि० ॥ ४ ॥ वेरघणी हुइ राज पधारो, इम कहे हाकमनें हुजदारो ॥ पि० ॥ सा कहे सेठ तणी हुँ नारी, रायपे जाय कहो समाचारी ॥ पि० ॥५॥ इचरज पाय आय राय पासे, वातनो विवरो सरब प्रकासे ॥ पि० ॥ राय कहे जावो उण पासे, अम बेटीनी सी गति थासे ॥ पि० ॥ ६ ॥ बात सुणी बोली इम नार, म्हां दोनांरो इक भरतार ॥पि०॥ रायपे जायने बात जणाई, सेठ बोलाय कर थाप्यो जमाई ॥ पि० ॥ ७ ॥ घणो कुर्व वधारो दीधो, सीलरी बात हूइ प्रसीधो ॥ पि० ॥ तिलोकसुंदरी शीलवंती बाई, इम कहे देव आकास रे मांई ॥पि०॥ ८ ॥ राय-सुता हिव कर सिणगारो, आई पिऊ तणे दर-वारो ॥ पि० ॥ वड़ी कहे आगे मालक हुं ही, अव आधी गादी री मालक तुँही ॥ पि० ॥ ६॥ सुख विलसे प्रीतम विहुं साथे, रंग रलीमें वासर

जाते । ईस खेदो करे कोई नाहीं, संपत दोनां रे मांहो मांही ॥ पि० ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

केइ वरस इहां रह्या, अब मांगे छे सीख ।
देश हमारे जावसां, इहां न लागे ठीक ॥ १ ॥

॥ ढाल १२ ॥

(इम धनी धणानें परचावे ए देशी)

राजंद वयण सुणी मनचिंते, आखर परदेशी जासे रे लो । बाईनें सीख देवे भली परे, जावत सासरे वासे रे लो ॥ धन धन जे निज कारज सारे ॥ १ ॥ पति भक्ता गुण ग्राहक होजे, शीलवंती कुल उजवाले रे लो । विनयवंत सब सुं नमचाले, कुकर्म खाखनु टाले रे लो ॥ ध० ॥ २ ॥ दान पुन्ये कर रहिजे सूरी, बुरी करे मत किणरी रे लो । सासरो पीहर भलो दिखायां, लोक सोभा करे जिणरी रे लो ॥ध० ॥ ३॥ मात पीता सिखामण दीनी, पिण चालतां हीयो भरी-

जे रे लो । सिरपाव गेणा वेश बहुविध, बाई ज-
माइ नें दरीजे रे लो ॥ध०॥ ४ ॥ मोरत लगन
सुध देखीनें, तुरत प्रयांणो कीधो रे लो। राजा-
दिक पोचायने घिरिया. जावतो लारे घणो दीधो
रे लो ॥ ध० ॥ ५॥ कुसले खेमे निज घर आया,
गुणपाल ना गुण घणा जाणया रे लो । कुटुंब क-
बीला सेण सगांनें, वस्त्रादिके सनमान्या रे लो
।' ध० ॥ ६ ॥ सुख भोगवतां प्रीतम साथे, दो-
नुं इ बेटा जाया रे लो । चित्तवल्लभनें गुणसुंदर,
कंचण वरणी काया रे लो ॥ ध० ॥ ७ ॥ भणी
गुणीनें पंडित हुवा, जोबन वयमें आया रे लो ।
परणाया मोटे ठिकांणे, माणे मन मांनी माया
लो ॥ ध० ॥८॥ धरमघोष थिवर पधारया, पुरा
पदा वंदन आवे रे लो । चित्रसार सुंदर बिहुं
आगे, मुनिवर धर्म सुणावे रे लो ॥ ध० ॥ ९ ॥
ए संसार असार सुपन जिम, विणसतां वार न
लागे र लो । आउ इथर जल ओस बिंदु सम,
जल दाई जोवन जावे रे लो ॥ ध० ॥ १०

॥ दस दृष्टांते नरभव दुर्लभ, पांमीने मत हारो रे लो। विषय कषाय तृष्णा लोभ, विकथा पाप निवारो रे लो ॥ ध० ॥ ११ ॥ सुण उपदेश वैराग मन आंणी, चित्रसार नें दोनुं नारी रे लो। घररो भार सुंपी निज सुत नें, लीधो संयम सुखकारी रे लो ॥ ध० ॥ १२ ॥ पंच आचार महाव्रत पाले, दोषण सगलाई टाले रे लो। तप जप संयम सुध आराधे, आतम गुण उजवाले रे लो ॥ ध० ॥ १३ ॥ कर अण-सण उपना देवलोके, महर्द्धिक पदवी पाई रे लो। लहि नरभव नें कर्म खपावी, मुगति जासी मुनिराई रे लो ॥ ध० ॥ १४ ॥ शील उपदेश थी ए विस्तारयो, पूज सबलदासजी चित्त लायो रे लो। ओछो इधको आयो हुवे तो, मिच्छामि दुक्कड़ं थायो रे लो ॥ ध० ॥ १५ ॥ अष्टादस सो बाणवे वरसे, कीयो फलवधी चोमासो रे लो। शीलरी महिमा सुणो सुणावे, जिण सील विलासो रे लो ॥ध० ॥ १६ ॥

॥ इति श्रीतिलोकसुंदरी रो व्याख्यान समाप्तम् ॥

॥ शब्दार्थ ॥

सा परणी = वा परणी
हरष धरेह = हरषसहीत
उदीप = जाग्रत
अरूण = लाल
किंकर = चाकर
निर्भछ्यो = फिटकार्यो
आरक्ष = कोटवाल
इकतार = मेल
दोहुं = दोनुं
सखाइ = साथी
खुद्र = दुष्ट
सुपसाय = भले.प्रसाद
सतीयाभणो = सतीयांनें
बाल = (बाला) स्त्री
विवरो = वात (वारता)
तिलोकना = तिलोकसुंदरी
विमासे = सोचे
विने = दोय
निदान = चिकित्सा
तद = तेवारे
नेणरूण = लाल नेतर (नेणअरूण)
ठलक्या = ढलक्या
वारिधि = समुद्र
जलधि = समुद्र
नायक = वणजारो (मालक)
पन्नग = सरप (नाग)
खग = पंखी
रंच = तुछ
प्रजापाल = राजा(प्रजापालनेवालो
वेनातट = एक नगरको नाम
तत्र = उस जागा
असेस = सगला
मछराला = मगरूरी
सह्रइ साचवी = सगली करी
मदनवाण = कामदेव रो बांण
रिदय = हृदय
दंपति = स्त्री भरतार
अत्र = अठे
वृंदमें = साथमें

नावेलाज = न आवे लाज

वदे = कहे

वरनार = परधान नार (स्त्री)

तुमचो = तमारो

गह = घर

सागे = सागी

शुं = क्या

पयमें = दुधमें

खानाजाद = खाविंद

ससि = चन्द्रमा

हुजदारो = होदेदार

अम = म्हारी

सी गति = कीसगति

प्रयाणो = रवानो

महर्द्धिक = मोटी रिद्धिरो देव

—:ꕥ:—

अथ विजयसेठ विजयासेठाणी रो चोढालीयो लिख्यते ।

॥ दोहा ॥

आदिनाथ आदीसरो, सकल विदारण कर्म ।
उपगारी भव धारणी, कीयो च्यार प्रकारे धर्म ॥१॥
दान शील तप भावना, इण विना मुक्ति नहीं होय ।
तो पिण सर्व वरत देखलो, शील समो नहीं कोय
॥२॥शील भांगा भांगे सहू, केवे श्रीजिनचन्द ।
शीलवन्त पुरुषने, सेवे सुरनर इन्द ॥ ३ ॥
जस कीरति फैली घणी, जो सोइ वरतमें लीन ।
जो सुख चावो जीवरो, सुध मन पाले शील ॥४॥
विजय कुंवर विजया भणी, शील पाल्यो खड़गधार,
तेह तणां गुण लेखवुं, लिखत कथा अनुसार ॥५॥
नवसर कीज्यो सारी छवा, पर नारी पचखाणे ।
पांच परव तिथि आखड़ी, यथाशक्ति पचखाणे ॥६॥
भर जोबन चित्त जोगमें, ज्यांरे नारी पास ।

बालब्रह्मचारी तिय जोगमें, दुकर दुकर परकास ॥ ७ ॥

॥ ढाल १ ॥

श्री मंदर साहिब विनउं,
तथा दृढ समझी नर थोड़ला । एदेशी ॥

जंबुद्वीपना भरत में, दिखण कछ देशो जी। नगर कुसूंबी तिहां वसै, अमरापद लव लेसोजी ॥१॥ शील तणी महिमा सुणो, ॥ धनो सेठ तिहां वसै, ज्यांरे विजय कुंमारो जी। रूप कला गुण आगला, जोवन में हुंसीयारो जी ॥ शी० ॥२॥ इण अवसर मुनि पांगुरया, सुमत गुपत प्रतिपालो जी। आप तीरे पर तारणै, लोक कहे धन धनो जी ॥ शी० ॥ ३ ॥ लोक चल्या मुनि वहू वांदवा, जेमें विजय कुंवारोजी। धर्मकथा मुनिवर केवै, ओ संसार असारो जी ॥ शी० ॥ ४ ॥ जनम जरा दुख मरणानां, केवतां नहीं आवै पारो जी। दुर्लभ नरभव पावीयो, चेतो

सब नर नारो जी ॥ शी० ॥ ५ ॥ उतकृष्टो बंध कर्मरो, जेमें विषय विकारो जी । नव लख सन्नी मिनख में, श्रीजिन कहीयो सिंहारो जी ॥ शी० ॥ ६ ॥ दोष अनेक इण जोगसुं, परनारी बहु दुःख खांनो जी । फल किंपाकनी ओपमा, इम भाख्यो भगवन्तो जी ॥ शी० ॥ ७ ॥ इम सुणीने बहु थरहरया, विजय कुंवर जोडया हाथोजी । थे मुनि संजम ले रह्या, हु समर्थ नहीं कृपा नाथो जी ॥ शी० ॥ ८ ॥ जावजीव पर-नार रा, मने मुनि पचखाणो जी । स्वदारारा वले जाणजों, कृष्ण पख रा मनें त्यागो जी ॥ शी० ॥ ९ ॥ दुक्कर काम कंवर कीयो, मुनिवर करगया व्यारो जी । राम कहे धन शीयलनें, जो पाले नर नारो जी ॥ शी० ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

तिण नगरी मांहे वसे, ओर सेठ धनसार ।
विजया सुन्दरी तेहनी, अदभुत रूप उदार ॥१॥
सुण चतुराई बहुलज्यो, चोसठ कला भंडार ।

भर जोबने आइ तदा, सावी विजय कुंवार ॥२॥
आरम कारम सहुकरया, वीहाव कीयो तिणवार।
जैसी विजया सुंदरी, जैसा विजय कुंवार ॥३॥

॥ ढाल ॥ २ ॥

(॥ भवदेवे जागी मोहणी ॥ एहनी देशी ॥)
सज सोलै सिणगार, भला जी कांइ आय उभी
हो रंग महेल मझार। नयण वयण स्त्रीया मोहणी,
आय उभा हो श्रीविजय कुमार ॥ १ ॥ सुण-
ज्योजी शील सुहामणो ॥ ए आंकड़ी ॥ कंत कहे
भले आवीया, दिन तीनज हो नहीं आवणजोग।
स्यु कारण कहे सुन्दरी, इण अवसर हो किम
बरजो छो आज ॥ सु० ॥ २ ॥ कृष्ण पक्ष व्रत
मैं लीया, इम सुणी हो आ थइरे, उदास। सुकल
पक्ष व्रत मैं लीया, दुजी परणों हो मांडो घरवास
॥ सु० ॥३॥ विजय कुंवर कहे हे सुन्दरी, सेजे
मिटियौ हो अनर्थनो मूल। जावजीव व्रत पालसां,
नर मुरख हो रह्या छे भूल ॥ सु० ॥ ४ ॥ काम
भोग बहुभोगीया, बले भोगवीया हो अनन्ती-

वार। तोहीयन तृप्त हुवो जीवड़ो, ईम भाषे हो श्री विजयकुंवार ॥ स० ॥५॥ कहे प्यारी सुणो प्रीतमजी, किम रहसी हो आ छांनी बात। चवड़े हुयां संजम लेसां, पछै करस्यां हो कर्मारो सिंहार ॥ सु० ॥६॥ करै समायिक पोसा भेला, सुवे हो एक सेज मझार। जो हुवे भगनी भ्रातनी, शीयल पाले हो खांड़ानी धार ॥ सु० ॥७॥ मन वचन काया करी, नहीं व्यापेहो कदे काम विकार। सार जांणे जिन धर्मनी, और जांणे हो सहु अथिर संसार ॥ सु० ॥ ८ ॥ नहीं रुचे पुद्-गल ऊपरे, ज्यांरो लेखहो जावे जमार, राम कहे ढाल दुसरी, धन धन हो पाले ब्रह्मचार ॥ सु० ॥ ९ ॥

॥ दोहा ॥

धर्म ध्यांन करतां थकां, दुवादस वरसज थाय।
कुंकर वात प्रगट हुवे, ते सुणजो चितलाय ॥१॥
दाधन लिछमी भागतां, दाता सूर समान।
इतना छाना नहीं रहे, विधकर कवि प्रकास ॥२॥

॥ ढाल ॥ ३ ॥

जलाल डेरा थारां नीरखणने हुं आइहो, मांरी जोड़ो राजलाल, डेरा थारां नीरखण आइ हो, जलाल ए देशी ॥

तिण अवसर, तिणकाल दक्षिण दिस मांहि हो, सुखकारी मुनिराज, विमल केवली नामे मुनिवर सोभै हो॥ जिणंद० ॥ १ ॥ चंपापुरी रे बागमें आय उतरीयाहो, सुखकारी सुनिराज, बहु नर नारी मुनि बांदण, परवरीया हो ॥ जिणंद० ॥ २ ॥ ओ संसार असार मुनि दिखलावे हो, सुखकारी मुनिराज, तन धन जोवन जावतां, बार न लागे हो॥जिणंद० ॥३॥ मात पिता सुत भामणी, संग नहीं चाले हो सुखकारी जिनराज, सब संग छोडीने चेतन परभव जासी हो ॥जिणंद० ॥४॥ विषय विषाद प्रमादमें, नरभव हारे हो ॥ सु० ॥ मुरख चेतन रत्न अमोलख हार्‌यो हो ॥ जि० ॥ ५ ॥ इत्यादिक मुनि, धर्म देशना दीधी हो ॥सु०॥ सांभल

सुरता इमरत रसकर पीवे हो ॥ जिणंद० ॥६ ॥ जिणदास श्रावक, विनवे सीस नमाइ हो, सुख· कारी मुनिराय, श्रो प्रभुजी माने रयण सुपनो पायो हो ॥ जि० ॥ ७ ॥ सहस चोरासी मास-खमण मुनिराया हो ॥ सु० ॥ में प्रतिलाभ्या निरदोषण मुनि आया हो ॥ जि० ॥ ८ ॥ यांने सुं फल, दाखो कृपा करने हो ॥ सु० ॥ दाखे मुनिवर सेठ सुणो चित धरने हो ॥ जि० ॥ ९ ॥ नगर कसुंबी विजयकुंवर गुणधारी हो, ॥मु०॥ तीन करण जोगसुं दंपति बाल ब्रह्मचारी हो ॥ जि० ॥ १० ॥ राम कहे धन शील पाले नर नारी हो ॥ सु० ॥ धन धन तेहनी हुं जाउं बलिहारी हो ॥ जि० ॥ ११ ॥

दोहा।

एकी सिज्या बेहु जणा, शील पाल्यौ खड़ग-धार। तेहतणा गुण वरणाउं, लिखत कथा अनु-सार ॥१॥ चरण सरूपी महाउत्तम, ज्ञानी किया गुण ग्राम। सब कुं सुण इचरज थयो, सबकुं

थयो बिसराम ॥ २ ॥ जिनदत्त मनमें चिंतवे, जाय करूं दरसन । तोय मिलियां संजम लेवसो-ज्ञानी कीया परसन ॥ ३ ॥

ढाल चौथी ।

घोड़ी रो तन देखतां हो भवियण, घोड़ो चंचल थाय । एदेशी

जिनदत्त मुनिवर वांदवा हो, भवियण नगर कसुंबी जाय । बहु परवारे परिवर्या हो, भवियण दरसण री मनमांय । धन धन तेहने हो भवियण जे शीलपाले नरनार ॥१॥ नगर कसुंबी रे बागमें हो भवियण, सेठजी डेरा कराय । विजयकुंवरजी रे तात सुं हो ॥ भ० ॥ मीलीया हरख धराय ॥ ध० ॥ २ ॥ स्युं कारण पधारिया हो ॥ भ० ॥ सेठजी दाखो कारज राज । धर्म सगपण आवीया हो सेठजी, तुम सुत दरसण काज ॥ धन० ॥ ३ ॥ विमल केवली गुणकीया

हो ॥ भ० ॥ बाल ब्रह्मचारी एह । मुज मनमें
दरसण वसे हो, ज्युं कंकू चावे मेह ॥धन• ॥४॥
सेठजी सुण विश्रांमें थया हो ॥ भ० ॥ लीनो
कुंवर बुलाय । कीसी भांत सोगन लीया हो,
कंवरजी स्युं थांरे मनमांय ॥ धन० ॥ ५ ॥ हाथ
जोड़ कंवर केवे हो, तातजी मैं लीनो अबि-
गरो धार । अनवतदीजे मो भणी हो, तातजी
लेसु संजम भार ॥ धन० ॥६॥ तात केवे नंदण
सुणो हो कंवरजी, कवन मुनिरो आचार । कायर
आगल किम रेवे हो, कंवरजी मेरु जितनो भार
॥ धन० ॥ ७ ॥ लाख प्रकारे नहीं रेवुं हो तात-
जी, संजम सुखदातार । वैरागी तो किम रेवे
हो कंवरजी, लीनो संजमभार ॥ धन० ॥ ८ ॥
विजयाकुंवरी पिण लियो हो भवियण, साथे
संजम जान । तप जप खप कीरीया करीहो
॥ भ० ॥ पाम्या केवल ज्ञान ॥ धन० ॥ ९ ॥
बालब्रह्मचारी विरला हुवा हो ॥ भ० ॥ सुणीये
बालगोपाल । कर्म खपाय मुक्ते गया हो ॥भ०॥

प्रथम तिर्थंकर वार ॥ धन धन तेहनें हो भवि-
यण, जे शील पाले नरनार ॥१०॥ समत अठारे
दशरे हो ॥ भवि० ॥ नागोर सेखेकाल । फागुण
सुदपुनम दिने हो ॥ भ० ॥ जोड़ीजुक्त सु ढ़ाल
॥ धन धन तेहनें हो भवियण जे शील पाले
ब्रह्मचार ॥११॥ सांमी बृधिचन्दजीरे प्रसाद सुं
हो ॥भ०॥ रामचंदजी जोड़ बनाय। इधको ओछो
जे कह्यो हो ॥भ०॥ मिच्छामि दुक्कडं मोय ॥ धन
धन तेहने हो भवियण जे पाले ब्रह्मचार ॥ १२ ॥

इति विजयसेठ विजया सेठाणी रो,चोढ़ालीयो समाप्तम्।

॥ शील विषय प्रस्ताविक श्लोक ॥

सीलं न हु खंडिज्जइ, न सव्वं सिज्झइ समं कुसीलेहिं । गुरुवयणं न खलिज्जइ, जइ नज्झइ धम्मपरमत्थो ॥

शील नहि खंडनीयं, न संवसनीयं समं कुशीलैः ।
गुरुवचनं न खलनीयं, यतिना ज्ञेयो धर्मपरमार्थः ॥

अर्थ—शीलव्रतको निश्चय करके खंडित न करना चाहिये, कुशीलीयाके साथ वास न करना चाहिये याने संगत न करनी चाहिये, और गुरु वचन का उल्लङ्घन न करना चाहिये, इस रीतिसे धर्मका परमार्थ है, ऐसा यति पुरुषोंनें जाना है।

प्राणभूतं चारित्रस्य, परब्रह्मैक कारणम् ।
समाचरन् ब्रह्मचर्यं, पूजितैरपि पूज्यते ॥ १ ॥

अर्थ—ब्रह्मचर्य देश चारित्र तथा सर्व चारित्रका प्राणभूत है, और मोक्षका अद्वितीय कारण है, इसलिये जो पुरुष इसको पालन करते हैं वे पूज्योंके भी पूज्य है अर्थात् वे सुर असुर, मनुष्यपति, चक्रवर्ती आदिके भी वन्दनीय हैं, यथा सूत्र श्री उत्तराध्ययन अध्ययन १६, गाथा १६

देवदाणवगन्धव्वा, जक्खरक्खसकिन्नरा ॥
बम्भयारिं नमंसंति, दुक्करं जे करंति ते ॥ १ ॥

अर्थ---जो दुष्कर ब्रह्मचर्य व्रतको धारण करते हैं उनको देव, दानव, गन्धर्व यक्ष, राक्षस किन्नरादि भी नमस्कार करते हैं।

मेहुणसन्नारूढो, नवलक्ख हणेइ सुहम-जीवाणं। इअ आगमवयणाउ, हिंसा जीवाण-मिह पढमा ॥ १ ॥

मैथुनसंज्ञारूढो, नवलक्षान् हन्ति सूक्ष्म-जीवानां। इत्यागमवचनाद्, हिंसा जीवानां इह प्रथमा ॥१॥

अर्थ—मैथुन संज्ञापर आरूढ़ हुया हुवा पुरुष सूक्ष्म जीवोंकी नव लाख संख्याको नाश करता है, इस प्रकार सिद्धान्तके वचनसे यह लोकमें जो शीलव्रतका भंग है, वही जीवोंकी प्रथम याने मुख्य हिंसा कहलाती है।

लच्छी जसं पयावो, माहप्पमरोगया गुणसमिद्धी। सयलसमीहियसिद्धी, सीलाउ इह भवे वि भवे ॥ १ ॥ परलोए वि हु नरसुर, समिद्धिसुव-भुंजिऊण सीलभरा। तिहुअणपणमियचरणा अरिणा पावंति सिद्धि सुहं ॥ २॥ युग्मम् ॥

लक्ष्मीः यशः प्रतापः माहात्म्यं आरोग्यता

गुणसमृद्धिः सकलसमीहितसिद्धिः शीलात् इह भवेऽपि भवेत्। परलोकेऽपि खलु नरसुर समृद्धिं उपभुज्य शीलभराः त्रिभुवन प्रणमित चरणाः अरिणा प्राप्नुवन्ति सिद्धिसुखम्।

अर्थ—शीलसे अर्थात् शील पालनेसे इस भवमें भी लक्ष्मी, यश, प्रताप महात्म्य, आरोग्यता याने आरोग्यपना गुणोंकी. समृद्धि और सब अच्छे इच्छित कार्योंकी सिद्धि होती है, वैसे ही परलोकमें भी निश्चय करके तीन भुवनके लोकोंने जिनके चरन कमलको नमस्कार किया है ऐसे और कर्म रूप शत्रुसे रहित हुये हुवे ऐसा शीलव्रत को धारन करने वाले पुरुषों मनुष्यों और देवताओंकी समृद्धिको भोगकर मोक्ष सुखको पाते हैं।

सहमाना महादुःखं, परस्त्रीभोगलालसाः।
पश्चात् पूर्वकृतैर्घोरैः कर्मभिर्नर्कवासिनः॥

अर्थ—दूसरेकी स्त्री को भोग करनेकी इच्छावाला पुरुष पहले बहुत दुःखको सहता है, पहलेके किये हुए घोर कर्मोंसे पीछे नरकमें वास करता है।

दर्शने हरते प्राणान्, स्पर्शने हरते बलम्॥
मैथुने हरते कायं, स्त्री हि प्रत्यक्षराक्षसी॥१॥

निश्चय स्त्री प्रत्यक्ष राक्षसी है, देखने से प्राणों को हरती है, छूजाने पर बलको हरती हैं और भोग करने पर शरीर को हरती है।

जइ तं करिहिसि भावं, जाजा दच्छसि नारि उ। वायाइद्धुव्व हढो, अट्ठिअप्पा भविस्ससि॥ यदि त्वं करिष्यसि भावं, या या द्रक्ष्यसि नारीः। वातोद्धत इव वृक्षः, अस्थिरात्मा भविष्यसि॥

हे प्राणी! तूं जिस जिस स्त्रियों को देखेगा उन्हों पर जो तूं भाव करेगा तो पवन से हिलते हुए वृक्षके तरह चञ्चल आत्मा वाला होगा।

शीलादेव भवन्ति मानवमरुत्संपत्तयः पत्तयः,
शीलादेव भुवि भ्रमन्ति शशभृद्विस्फूर्तयः कीर्त्तयः।
शीलादेव पतन्ति पादपुरतः सच्छक्तयः शक्तयः,
शीलादेव पुनन्ति पाणिपुटकं सर्वर्द्धयः सिद्धयः॥

शीलसे ही मनुष्य और देवता सम्बन्धी सम्पत्तियां अनुचर वगैरे मिलते हैं। शीलसे ही चन्द्रमा की तरह चमकती हुई कीर्त्तियां पृथ्वीपर फैलती हैं, शीलसे ही उत्तम शक्तियां आकर पैरमें पड़ती हैं, शीलसे ही सब ऋद्धियां सिद्धियां हस्त पुटको पवित्र करती हैं [हाथमें आती है]।

वाल्लभ्यं वितनोति यच्छति यशः पुष्णाति पुण्यप्रथां. सौन्दर्यं सृजति प्रभां प्रथयति श्रेयः श्रियं सिञ्चति । प्रीणाति प्रभुतां धिनोति च धृतिं सूते सुरौकः स्थितिं, कैवल्यं करसात्करोति सुभगं शीलं नृणां शीलतम् ॥

अच्छी तरह पालन किया हुवा शील प्रेमको फैलाता है, कीर्त्ति को देता है, पुण्य के प्रथाको पुष्ट करता है, सुन्दरता देता है, प्रभा का प्रकाश करता है, कल्याणकी शोभाको सिंचता है, ऐश्वर्य को पूर्ण करता है, धैर्य देता है, देवलोककी स्थिति देता है. और मोक्ष को हस्तगत कर देता है [हाथमें देता है] ॥

॥ अध्यात्मकल्पद्रुमसे उद्धृत ॥

मुह्यसि प्रणयचारुगिरासु, प्रीतितः प्रणयिनीषु कृतिन् ! किम् । किं न वेत्सि पततां भववार्धौ, ता नृणां खलु शिलागलबद्धाः ॥१॥

हे आत्मन् ! स्नेह करके मनोहर है वाणी जिन्होंकी ऐसी स्त्रियोंमें प्रेमसे तू क्यों मोहित होता है ? संसार रूपी समुद्रमें गिरते हुए मनुष्योंको स्त्रियां गलेमें बंधी हुई शिला की तरह है, ऐसा क्यों नहीं जानता ? ॥ १ ॥

चर्म्मास्थिमज्जांत्रवसास्रमांसा-मेध्याद्यशुच्यस्थिरपुद्गलानाम्। स्त्रीदेहपिंडाकृतिसंस्थितेषु, स्कंधेषु किं पश्यसि रम्यमात्मन्! ॥ २ ॥

हे आत्मन्! चमड़ी, हड्डी, चरवी, आँतड़ी, पांसली, मेद, रूधिर, मांस, विष्ठा और आदि शब्द से मूत्र कफ इत्यादिकोंसे अशुद्ध और क्षण विनाशी पुद्गलों से बना हुआ जो स्त्रीका शरीर, उसमें तूँ क्या सुंदरता देखता है?॥ २ ॥

विलोक्य दूरस्थममेध्यमल्पं, जुगुप्ससे मोटितनासिकस्त्वम्। भृतेषु तेनैव विमूढ! योषावपुष्षु तत्किं कुरुषेऽभिलाषम्? ॥ ३ ॥

हे आत्मन्! किंचित् भी विष्ठादिक देखनेसे नाक को मोड़कर तूँ घृणा करता है, तो हे मूर्ख! विष्ठादिकसे ही भरा हुआ जो स्त्रियों का शरीर उसमें तूँ क्यों अभिलाषा करता है? ॥३॥

अमेध्यमांसास्रवसात्मकानि, नारीशरीराणि निषेवमाणाः। इहाप्यपत्यद्रविणादिचिंता-तापं परत्रेप्रति दुर्गतिश्च ॥ ४ ॥

उपरोक्त विष्ठा मांस रूधिर मेदादिकों से ही बना हुआ जो स्त्रियोंका शरीर उसको सेवनेवाले जो मनुष्य, वे इस लोकमें सन्तान और धन इत्यादिक के सबब से दुःख भोगते हैं और परलोकमें भी दुःख भोगते हैं और दुर्गति में जाते हैं॥ ४ ॥

अंगेषु येषु परिमुह्यसि कामिनीनां, चेतः प्र-
सीद विश च क्षणमंतरेषाम् । सम्यक् समीक्ष्य
विरमाशुचिपिंडकेभ्यस्तेभ्यश्च शच्यशुचिवस्तुवि-
चारमिच्छत् ॥ ५ ॥

मनकी प्रसन्ना पूर्वक जो मनुष्य स्त्रियोंके शरीरमें मोहित होता है उस को उचित है की– यदि तूं उसमे एक क्षण भर प्रवेश कर और सूक्ष्म दृष्टिसे देखकर उसका भली प्रकार स्वरूपको शोच कर शुद्ध और अशुद्ध इन दोनों वस्तुओंके विचार को चाहता हो तो जो २ स्त्रियोंके अंग हैं वे सब अशुचिके ही पिण्डके राशि हैं उससे तूं अलग हो ॥ ५ ॥

विमुह्यसि स्मेरदृशः सुमुख्या, मुखेक्षणा दी-
न्यभिवीक्षमाणः । समीक्षसे नो नरकेषु तेषु, मो-
होद्भवा भाविकदर्थनास्ताः ॥ ६ ॥

हे आत्मन्! तूं सुन्दर मुखवाली और विकसित आंखवाली स्त्रीके मुख और नेत्र आदि शब्दसे स्तन विगेरा को प्रेमसे देखता हुआ मोहित होता है, लेकिन महा दुःखमय नरक के विषे मोहसे उत्पन्न हुई ऐसी जो आगमी पीड़ा उसको तूं क्यों नहीं सोचता ? ॥ ६ ॥

अमेध्यभस्त्रा बहुरंध्रनिर्यन्मलाविलोद्यत्कृमि-

जालकीर्णा। चापल्यमायानृतवंचिका स्त्री, सं-
स्कारमोहान्नरकायभुक्ता ॥ ७॥

विष्ठादिकों से भरी हुई धमनी की तरह और बहुत छिद्रोंसे (१२ द्वारों से) वहते हुए विष्ठादिक अशुद्ध पुद्गलों से मलिन और योनिद्वारा पैदा होते हुए सूक्ष्म कीड़ादिकों से युक्त, और चपलता कपटाई असत्य वचन से पुरुषों को ठगने वाली, ऐसी जो स्त्री वह स्नान तिलक आभूषणादिकों से पैदा हुआ जो मोह तिस से भोगी हुई नरक के लिए होवै॥ ७॥

निर्भूमिर्विषकंदली गतदरी व्याघ्री निराह्वो
महा-व्याधिर्मृत्युरकारणश्च ललनाऽनभ्रा च वज्रा-
शनिः। बंधुस्नेहविघातसाहसमृषावादादिसंता-
पभूः, प्रत्यक्षापि च राक्षसीति बिरुदैः ख्याताऽऽ-
गमे त्यजताम् ॥ ८॥

उपरोक्त वह स्त्री विना भूमिकी विषके नया अङ्कुरकी तरह है और विना गुफा की वाघिनी के समान है, विना नामकी वडी व्याधिकी समान है और विना कारण के मृत्यु तुल्य है और विना वद्दल की विजली की माफिक है और वान्धवोंका प्रेम नाश करने वाली हैं और विना विचार का कार्य करना असत्य वोलना, और आदि शब्द से अदत्त अब्रह्म परिग्रहादिक संवन्धमें सन्ताप का उत्पत्ति स्थान है, साक्षात् राक्षसी समान है, शास्त्र में कही गई ऐसी स्त्री को ज्ञानी पुरुष त्याग करें ॥ ८॥

कुशील नरको उपदेश ।

कामार्त्तस्त्यजति प्रबोधयति वा स्वस्त्रीं परस्त्रीं न यो, दत्तस्तेन जगत्यकीर्त्तिपटहो गोत्रे मषीकूर्च्चकः । चारित्रस्य जलांजलिर्गुणगणारामस्य दावानलः, संकेतः सकलापदां शिवपुरद्वारे कपाटो दृढः ॥ १ ॥

सवैया—सो अपजस को डंक वजावत, लावत कुल कलंक परधान । सो चारित्र को देत जलांजलि, गुणवनको दावानल दान ॥ सो शिव पंथको द्वार (किंवाड) बनावत, आपत विपति मिलनको स्थान । चिन्तामणि समान जग जो नर, शील रतन निज करत मलान ॥ १ ॥

अर्थ—जो पुरुष विषयांध होकर अपनी स्त्रीको नहीं बोलता हैं और परस्त्रीका त्याग नहीं करता है, अर्थात्, अपनी स्त्री होनेपर परस्त्री का संग करता है· वह पुरुष जगतके विषे अपनी अपकीर्त्तिका पटह (ढोल) बजाता है, अर्थात् दूनिया में अपनी अपकीर्त्ति फेलता है । अपना निष्कलङ्क कुल को लांछन लगाता है, देश विरति या सर्व विरति रूप चारित्रका नाश कर देता है. गुणके समुहरूपी बगीचेमें दावानल लगाता है अर्थात् सभी गुणों को नाश कर देता है, समस्त आपत्तियों के (दु.खों के) आनेका रास्ता करता है और मोक्षमें जानेका द्वार मजबूत बन्द कर देता है । सारांश इतना ही हैं की कुशील मनुष्यका सर्व कार्य व्यर्थ होता हैं ॥१॥

शीलगुण वर्णन—

व्याघ्रव्यालजलानलादिविपदस्तेषां व्रजन्ति क्षयम्, कल्याणानि समुल्लसन्ति विबुधाः सानिध्यमध्यासते। कीर्त्तिः स्फूर्त्तिमियर्त्ति यात्युपचयं धर्मः प्रणश्यत्यघम्, स्वर्निर्वाण सुखानि सन्निदधते ये शीलमाबिभ्रते ॥ २ ॥

भाषा छंद—कुल कलंक दल मिटे, पापदल पंक पखारे। दारुन संकट हरे, जगत महिमा विस्तारे ॥ सरग मुगति पद रचे, सुकृत संचे करुणारसि। सुर गुण वंद हि चरन, शील गुण कहत बनारसी ॥ २ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य शील (ब्रह्मचर्य) को धारन करता है, उस मनुष्य को वाघ दुष्टसर्प जल और अग्नि आदिकी जो आपत्तियें (दुःखों) हैं, वे सभी नाश हो जाती है और कल्याण (सुखों) प्राप्त होते हैं, देवता भी उसको आधिन रहते हैं, दुनियामें उसकी कीर्त्ति फेलाती है, धर्म की वृद्धि होती है, पाप नाश हो जाते हैं और स्वर्ग मोक्ष के सुखों प्राप्त होते है, इत्यादि शीलव्रत धारन करनेवाले मनुष्य को प्राप्त होते हैं ॥२॥

मालिनी छंद—

हरति कुलकलङ्कं लुम्पते पापपङ्कम्,
सुकृतमुपचिनोति श्लाघ्यतामातनोति।

नमयति सुरवर्गं हन्ति दुर्गोपसर्गम्,
रचयति शुचिशीलं स्वर्गमोक्षौ सलीलम् ॥ ३ ॥

सवैया तेवीसा—ताहि न बाघ भुयंगम को भय, पानि न बोरै न पावक जाले। ताके समीप रहैं सुर किन्नर, सो सुभ रीति करे अघ टाले ॥ तासु विवेक बढे घट अन्तर, सो सुरके शिवके सुख भाले। ताकी सुकीरति होइ तिहु जग, जो नर शील अखंडित पाले ॥ ३ ॥

भावार्थ—निर्मल ऐसा ब्रह्मचर्यव्रत कुलका कलंकको नाश कर देता है, पापरूपी मैलको हटा देता है, सुकृत को बढ़ाता है, प्रशंसाको फैलाता है, देववर्ग को नमाता है, अर्थात् ब्रह्मचर्यव्रत-वालेको देवता भी नमस्कार करते है, दुष्ट उपसर्गोंका नाश करता है और स्वर्ग और मोक्ष के सुखोंको लीलामात्र में देता है। यह एकही शीलव्रत सब सुखोंका देनेवाला है, इसलिये शीलव्रतको कभी भी छोड़ना नहीं चाहिये।

तोयत्यग्निरपि स्रजत्यहिरपि व्याघ्रोऽपि सारङ्गति;
व्यालोऽप्यश्वति पर्वतोऽप्युपलति क्ष्वेडोऽपि पीयूषति। विघ्नोऽप्युत्सवति प्रियत्यरिरपि क्रीडातडागत्यपां- नाथोऽपि स्वगृहत्यटव्यपि नृणां शीलप्रभावाद् ध्रुवम् ॥ ४ ॥

छप्पय छन्द—अगनि नीर सम होइ, माल सम होइ भुयंगम।
नाहर मृग सम होइ, कुटिल गज होइ तुरङ्गम।

विष पीयूष सम होइ, शिखर पाषान खंड मित।
विघन उलटि आनन्द होइ, रिपु पलटि होइ हित।
लीला तलाव सम उदधि जल, गृह अटवी विकट।
इणविध अनेक दुःख होइ सुख, शीलवंत नरके निकट ॥४॥

भावार्थ—ब्रह्मचर्य मनुष्यको शीलके प्रभावसे अग्नि तो जल समान हो जाती है, सर्प तो फूल की माल समान होजाता है, सिंह भी हीरण समान हो जाता है, दुष्ट हाथी भी अश्व समान हो जाता है, बड़े बड़े पर्वत भी पत्थर तुल्य हो जाते है, विष भी अमृत हो जाता है, विघ्नों भी उत्सव समान होते हैं, शत्रु भी मित्र समान होता है, बड़ा समुद्र भी क्रीडाका तलाव सदृश होता है और भयंकर जंगल भी अपना घर सदृश होता है अर्थात् शीलवंत पुरुषों को शील के प्रभाव से पूर्वोक्त दुःख सुखरूप हो जाते है।

॥ सुदर्शन सेठकी कथा ॥

इस जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्र में प्राचीन कालमें शुद्ध एक पत्नीव्रतको पालनेवाले असंख्य पुरुषों हो गये हैं, इन्हीं में से उस व्रतको पालनेके लिये बहुतसे दुःखो सहन कर नामांकित हुआ हुवा सुदर्शन नामका एक सत्पुरुष भी था। वह बड़ा

धनाढ्य सुंदर मुखाकृति वाला और तेजस्वी था, पाटलीपुत्र (पटना) नगरमें वह रहता था उस नगरके राजद्वार के नजदीक होकर एक दिन कार्य प्रसंगसे उनका निकलना हुआ, उस समय राजाकी अभया नामकी राणी अपना महलके झरुखामें बैठी बैठी नगर चर्या देख रही थी, उसकी दृष्टि सुदर्शन पर पड़ी ; जिससे उसका मनोहर सुंदर स्वरूप देखकर राणीका मन लल-चाया और उसके पर मोहित होकर अपनी दासी द्वारा कपट भावसे अच्छा कारणका बहाना कर सुदर्शनको महलमें बोलवाया। कितनैक प्रकार की बातचीत होने बाद राणीने सुदर्शन को अपने साथ भोग भोगनेको आमंत्रण किया। वह सुनकर स्वदारा संतोषी व्रतको पालनेवाला सुदर्शनने राणीको उपदेश देकर बहुत समझा यी, मगर उसका मन शान्त नहीं हुआ; जिससे अन्त्यमें कहा कि बहिन ! मैं पुरुषत्वमें नहीं हूं, तो भी राणीने अनेक प्रकारके हाव भाव किये।

इन कामचेष्टायेंसे सुदर्शनका मन चलायमान नहीं हुआ, जिससे आखीरमें कंटालकर राणी ने उसको निकाल दिया।

एक दिन वसन्तोत्सवमें नगरके लोग आनन्द करनेके लिये बगीचें या उद्यानमें जाकर सेल कर रहे थे, वहां सुदर्शन सेठ भी अपने देवकुमार जैसे छः पुत्रोंको लेकर वहां आनन्द लीला करने को आये थे, उस वख्त अभयाराणी कपिला नामकी दासीके साथ बड़े आडम्बरसे वहां आई। वह सुदर्शन सेठके साथ देवकुमार जैसे छः पुत्रोंको देखकर कपिलाको कहने लगी कि ये दिव्यस्वरूपवाले पुत्रों किसके हैं ? कपिलाने कहा कि ये तो सुदर्शन सेठके ही हे। ऐसा सुनकर राणीकी छातीमें वज्राघात हुआ और विचारने लगी कि मेरे को इसने ठग ली तो इसका बदला भी उसको बतला देउँगी। अब वसन्तोत्सव समाप्त होने बाद माया प्रपंच रचकर, राणी और दासी दोनों राजाको कहने

लगी— आप मानते हैं कि मेरा राज्यमें अच्छी तरह न्याय और नीति हो रही है, दुर्जनोंसे मेरी प्रजा दुःखी नहीं है, परन्तु ये सब मिथ्या है ; अन्तपुरमें दुर्जनों प्रवेश करे वहां तक भी अंधेर है, तो पीछे दूसरा स्थान के लिये तो कहना ही क्या ? आपके नगरमें सुदर्शन नामका सेठ रहता है उसने मेरी पास विषय भोगका आमंत्रण किया, इनकार करके मैंने उसका तिरस्कार किया तो मेरेको कितनेहीं अयोग्य वचनों सुनने पड़ें तो इससे विशेष अंधेरा क्या कहना ?

प्रायःकर राजाओं कानके कच्चे तो होते ही हैं । ये बात बहुमान्य है तो उसमें स्त्रीके माया-वी मधुर वचनों क्या असर नहीं करे ? उष्ण तेलमें ठंडा जलकी जैसे वचनसे राजा अत्यन्त ोधित हो कर सुदर्शनको शूलीपर चढ़ा देने तत्काल आज्ञा कर दी, जिससे नगरका को-ाल सुदर्शनको शूलीपर चढ़ानेके लिये ले गये

मगर अन्त्यमें सत्यका सर्वत्र जय होता है। अब यहां पर सुदर्शनको शूलीपर चढ़ाते ही शूली के स्थानपर दिव्य प्रकाश वाला सुवर्ण का सिंहासन हो गया और आकाशमें देवदुदंभी का नाद होने लगा, सर्वत्र आनन्द फैल गया, सुदर्शनका सत्य शीलव्रत विश्वमें प्रकाश हो गया, सत्य शीलका सर्वत्र जय है ; शील और सुदर्शनकी उत्तम दृढ़ता ये दोनों आत्माकी पवित्र श्रेणी पर चढ़ाते है॥

॥ इति ॥

॥ श्रीवीरकुमारकी कथा ॥

श्रीनिलय नामका नगरके विषे रिपुमर्दन नामका राजा राज्य करता था, उसको कमलश्री नामकी पतिव्रता और स्वरूपवती स्त्री थी, और उसके विनयादि गुण सम्पन्न कई एक पुत्र थे, इसमें एक वीरकुमार नामका बड़ा तेज-

स्वी पुत्र था वह शूरवीर धीर कृतज्ञी और नि-
ष्कलंक था। एक दिन वह कुमार बड़ा भयंकर
अटवी के विषे आहेड़े (शिकार) के लिये गया,
मगर वहां पर मृग-शशक आदि कोई भी
जानवर उसको दृष्टिगोचर नहीं हुआ। जिससे
आश्चर्य पाते हुए परिवार समेत आगल चला तो
एक स्थान पर शशक मृग महिष गज वृषभ
वाघ सिंह चित्ता आदि सब तिर्यंच अपना २
जातिवैरको छोड़ कर एक साथ बैठे थें और
मेघकी जैसे गंभीर शब्दोंसे सज्झाय ध्यान
करते हुए मुनिजनोंका शब्द सुन रहे थें। ऐसा
देखकर कुमारने अनेक प्रकारके शस्त्रों उन ति-
र्यंचों पर फेंके, मगर उनके शरीर पर एक भी
न लगा : तब कुमार विचारने लगा कि जानव-
रोंका वैर (द्वेष) उपशान्त है, जिससे उनको एक
भी शस्त्र न लगा, वह सब इन मुनिओंका प्रभाव
है। ऐसा विचार कर अपना परिवार समेत मुनि
समीप जाकर नमस्कार किया और उचित

स्थानपर बैठा। मुनि भी उनको धर्मलाभ रूपी आशिष देकर योग्य जानकर धर्मदेशना देने लगे।

जो प्राणी जीवहिंसा नहीं करता है, वह अनेक तरहकी सिद्धिको प्राप्त कर परम सुखका भोक्ता होता है। सब पापोंमें जीवहिंसाका पाप बड़ा कहा है और नरक का कारण है, सब जीवों को अपना अपना जीवितव्य वहाला है, जैसे अपने को मरण अनिष्ट है वैसे समस्त जीवोंको मरण अनिष्ट है यतः कहा है कि "—अमेध्य मध्ये कीटस्य, सुरेन्द्रस्य सुरालये। समाना जीविता-कांक्षा, समं मृत्युभयं द्वयो॥ १॥" भावार्थ—विष्टामें रहा हुआ कोड़ाको और स्वर्गमें रहा हुआ इन्द्रको, इन दोनोंको जीनेकी इच्छा और मरणका भय समान है। यतः— दुर्वचन गाल घात, पराभव भवबंधन और मरना ये जैसे अपने को अनिष्ट है वैसे दुसरोंको भी अनिष्ट है। एक जनको कोई एकछत्र राज्यका दान दे और

कोई एक जीवित दान दे, तो इन दोनोंमें जी-
वित देनेवालेका फल अधिक हो जाता है। फिर
देखो, धन बंधव स्वजन पुत्र कलत्रादि सबसे
अपना जीवित अधिक प्रिय है यह तो प्रत्यक्ष
अनुभव सिद्ध है। जो मनुष्य होकर भी मांस
खाता है और रुधिर पीता है तो कौवा कुत्तासे
इनमें क्या तफावत हुआ? जो जीवता अशरण
अनाथ जीवोंको मारकर उनका मांस खाय,
रुधिर पीये, वह नरक सिवाय अन्य स्थानकमें
उत्पन्न नहीं होता। अनेक प्रकारके स्वादवाले
सुखड़ी प्रमुख अच्छे अच्छे भोजन हैं उनको
छोड़कर जो अपवित्र वस्तु मांस हैं उनको निर्द-
यपन से खाता है तो इसमें क्या अधिकपना
देखा है?

इत्यादि मुनिकी धर्मदेशना सुनकर कुमार
समकित पाया और स्थूल निरपराधी प्राणीको
नहीं मारना, परस्त्रीका सेवन नहीं करना और
मांस भक्षण नहीं करना, ऐसे नियम लिये।

पीछे मुनि अन्यत्र विहार कर गये और कुमार अपने घर पर आया।

एक दिन राजा बुद्धिकी परीक्षा करनेके लिये अपने सब कुमारोंको इकट्ठा कर पूछने लगे कि—"पंचाल देशमें एक अधिकारी भेजना चाहते हैं तो एक जन बड़ा निपुण और प्रकृतिका अवंचक है, वह कहता हैं कि मैं एक वर्षमें दस लाख सोनैया की आमदनी कर देउंगा, और दूसरा कहता है कि मैं पन्द्रह लाख सोनैया की पेदाश (आमदनी) कर देउंगा, यह दूसरे की बात पहले दस लाख की आमदनी वालेको कही तब उसने कहा कि मेरे से दसलाखसे अधिक आमदनी नहीं हो सकती, आपको जचे वैसा करें" तो हे कुमारो ! अब कहो कि इन दोनोंमेंसे किसको भेजना। यह सुनकर सब कुमारों बोले कि जो अधिक आमदनी कर देवे उसको भेजना चाहिये, मगर वीरकुमार नहीं बोला जिससे राजाने पूछा कि तूं क्यों

नहीं बोलता ? तब वीरकुमार बोला कि मेरेको तो जो प्रथम पुरुष है वह निपुण, अवंचक तात को हितकारी, प्रजाको दुःखी नही करे ऐसा है, इस लिये उनको भेजना अच्छा है। कारण कि प्रजा दुःखी न हो तब व्यापारी व्यापारादिक सुखसे कर सकते हैं जिससे राजाको न्यायका धन विशेष आवे, न्यायसे चलनेसे धर्मकी वृद्धि होती है, इसलिये थोड़ा मगर न्यायसे धन उपार्जन करे उसको अधिकारी करना योग्य है। दूसरा पुरुष पन्द्रह लाख द्रव्य अन्यायसे उपार्जन करे, उस अन्यायसे आपका अधर्म और अपयश फैलेगा। एक वर्षमें पन्द्रह लाख आया तो पीछे दूजे तीजे वर्षमें एक लाख भी नही उपजेगा, यतः कहा है कि—" अत्युपादानमर्थस्य, प्रजाभ्यः पृथिवीभुजाम्। दुग्धमादाय धेनूनां, मांसाय स्तनकर्त्तनम् ॥ १ ॥ राजाओं लोभवश हो कर प्रजासे अधिक धन ले वह गौके स्तनमेंसे दूध निकालनेबाद भी दोहनेके जैसा है। ऐसा वीर-

कुमार का बचन सुनकर राजा विचारने लगे कि यह कुमार वयसे छोटा है मगर बुद्धिसे सबसे बड़ा है,इसलिये यह राजभार वहन कर सकेगा। यदि इसका गुण मैं प्रगट नहीं करूँगा तोभी नगरमें इसका गुण गुप्त नहीं रहेगा, और सब कुमारोंसे यह विपरीत बोला है जिससे इसके ऊपर सब कुमारों मत्सर (इर्षा) करेंगे। इसलिये यहां से उसको देशान्तर भेजना चाहिये। ऐसा विचार कर राजा बोला कि हे कुमार! तेरा गुण बहुत है तो तेरे को बापकी ऋद्धि भोगवना योग्य नहीं, इसलिये तूँ यह देश छोड़कर परदेश चला जा। यह सुनकर वीरकुमार राजाको प्रणाम कर अपना मित्र जो मतिसागर प्रधानका पुत्र विमल नामा है उसको साथ लेकर वहांसे रवाना हुवा। राजाने उनकी रक्षाके लिये कुमारको मालुम न हो ऐसे मुसाफिरके वेशवाले सुभटों भेजे। कुमार तथा मन्त्रीपुत्र दोनों चलते चलते कोशलपुर आ कर विश्राम किये। वहां अनेक प्रकार

के वाजिंत्रके शब्दके साथ बड़ा कोलाहल सुना, तब मंत्रीपुत्र विमलको कुमारने पूछा कि यहां यह महोत्सव क्या है? तब विमलने किसीको पूछकर कुमारको कहने लगा कि इस नगरका रणधवल राजाको अपना प्राणसे भी अधिक प्यारी और पुरुष द्वेषिणी कुरुमती नामे एक कन्या है, उसका विवाहके लिये राजाने कुलदेवीका आराधन कर पूछा कि इसके योग्य वर कोन होगा? तब देवीने कहा कि तुम्हारा पट्टहस्ति जिसके गलेमें फूल को माला पहरावे वह पुरुष इस कुंवरीका भर्त्तार होगा और उसके पर कुंवरीका पूर्ण अनुराग होगा। वह बचन सुनकर राजा अपना पट्टहस्ति को अच्छी तरह शिणगार कर, पूजकर, उसकी ऊपर कुंवरीको बैठाकर, अंकुश रहित छूटा छोड़ दिया है, वह हाथी सूंढ में फूलकी माला धारण कर राजपुरुषोंके साथ नगर में घूम रहा है। ऐसी बात कर रहे है इतनेमें पटहस्ति भी वहां आकर वीरकुमारके कंठमें वर-

माला पहरा दी और अपनी सूंढ़से कुमारको अपनी पीठ पर चढ़ा दिया। कामदेवके अवतार जैसा स्वरूपवान कुमारको देखकर राजा बहुत खुशी हूआ, कुंवरी भी उसको देखकर आनन्द पाई। उस समय कुमारके शरीरसे धूल झटकावनी के लिये दश हाथी, एक लाख सोनैया और एक हजार घोड़ा राजाने दिये। छायालग्न निकाल कर कुसुमतीका पाणिग्रहण (विवाह) किया, हस्त मिलाप समय में राजाने एक हजार गांव दिया और रहने को महल दिया। कुमार वहां रहता हुआ आनन्दसे समय व्यतीत करने लगा। यह सब समाचार कुमारके पिताने जो गुप्त पुरुष भेजे थे उसने जाकर कुमारके पिता को सब समाचार सुनाया यह सुनकर राजा बड़ा आनन्दित हुआ।

अब एक दिन रणधवल राजाने कुमारको पूछा कि विवाहमें आपने मांसादिक रहित भोजन किया उसका क्या कारण? तब कुमार कहने

लगा कि पंचेन्द्रिय जीवका वध विना मांस भ-
क्षण होगा नहीं, और पंचेन्द्रियका वध करना
वह नरकमें जानेका परम कारण है। इत्यादिक
मांसके वहु दोष बतलाय। और प्रसङ्गोपात साधु
तथा श्रावकका धर्म भी कहा। अपने श्रावक धर्म
अंगीकार किया है और मांसप्रमुखका परिहार
किया है,वह भी कह दिया। ऐसा सुनकर राजा
ने धर्म पर बहुमान हुआ, परम विश्वास हुआ,
राजाने मांस भक्षण त्याग कीया और सुदेव
सुगुरु और सुधर्म ये तीन तत्व अंगीकार कीया।

एक दिन संध्या समय एक स्त्री आ कर
कुमार को कहने लगी कि हे कुमार! राजा की
रानी, मंत्रीकी भार्या, सेठकी भार्या और प्रति-
हारकी भार्या,ये चार स्त्री आपको देखकर काम-
विह्वल हुई हैं, उन चारोंने मुझको अलग अ-
लग भेजी है तो उन चारोंको एक दूजी न जा-
ने इस तरह आपका समागम हो ऐसी कृपा
करें। वह सुनकर कुमार अपना मनसे निश्चय

विचार कर बोला कि कल रातका पहिले प्रहर प्रतिहारीको भेजना, दूसरे प्रहर सेठानीको, तीसरे प्रहर मंत्रीकी भार्याको और चौथे प्रहर रानी को भेजना ; यह सुनकर हर्ष पाती हुई कार्यसिद्ध मानती अपने अपने स्थानपर जा कर सब को खबर कर दी ।

अब कुमार राजाको कहने लगा कि हे राजन्! जो देखा नहींदेखा करो तो मैं कुच्छ बात बतलाउं, तब राजा बोला कि तूँ मेरे पुत्र समान है फिर तेंने मुझको धर्म समजाय कर मेरा जन्म सफल किया, इसलिये चाहे जहां मुझको जोड़, तब कुमार बोला कि आज संध्या समय मेरा आवास में गुप्त रीतसे आना ।

अब संध्या समय राजा गुप्त रीत से कुमार के महल आया, कुमार ने अपने पलंग के पीछे गुप्त रीत से बैठा दिया। अब कुछ भी कारण का बहाना कर प्रतिहारी अपने घर से रवाना होकर कुमार के पास आई, तब कुमार कहने लगा कि

हे भगिनि ! जो विषय है वह इस लोक में बड़ा दुःखदायी है और परलोक में नरक का कारण है, इसलिये "कौवे का मांस कुत्तेने भुठा किया' यह न्याय सच्चा है, तो भी जो विषय से तृप्ति होती हो तो विषय भोगना ही ठीक है, जैसे मिष्ठ भोजन से तृप्ति होती है वैसे विषय भोगसे तृप्ति नहीं होती और विषय सेवन से परलोकमें नरक का कारण है तो ये दोनों दंड क्यों सहन करना चाहिये ? फिर यह जीवने तो देवताके भव में अनेक सागरोपम तक विषय भोगव्यां तो भी तृप्ति न हुई तो थोड़ा काल मनुष्यके भवमें तुच्छ भोग भोगने से कैसे तृप्ति होगी ? यद्यपि विषय आतापमात्र मनोहर लगता है, मगर परिणाम में किंपाक के फल समान दुःखदायी है, इसलिये विषय को छोड़ इन्द्रिय और मन को दमन कर,मोक्ष मार्ग के विषें उद्यम कर। मोक्ष का मार्ग तो सम्यक् ज्ञान सम्यक्दर्शन और सम्यक् चारित्र है, इन रत्नत्रय का स्वरूप विस्तार

से समझाया, जिससे प्रतिहारी प्रतिबोध पाई। दूसरे प्रहर सेठानी आई तब प्रतिहारीको अपनी पूंठे जवनिका के आन्तरे बैठाकर सेठानीको प्रतिबोध दिया, जिससे वह भी प्रतिबोध पाई। तीसरे प्रहर मंत्रिकी भार्या आई, तब सेठानी को भी जवनिका के आन्तरे बेठा दी और मंत्रि की भार्या को प्रतिबोध कर सन्मार्ग पर लाकर, उसको भी जवनिका के आन्तरे बेठा दी। अब चौथे प्रहर रानी आई तब कुमार आसन से उठ कर प्रणाम किया, तब राणी बोली हे नाथ ! यह क्या अबी खड़ा होनेका और प्रणाम करने का अवसर है ? अबी तो आप का सुन्दर अङ्गस्पर्श से कामाग्निसे जलती हुई मुझको शीतल करें। यह मेरी आशा को आप पूर्ण नहीं करेंगे तो मेरा हृदय फट जायगा, ऐसा सुनकर कुमार ने उसकी तरफ देखा भी नहीं और विचार किया कि अबी यह मदोन्मत्त है जिससे उपदेश पाने योग्य नहीं है। तब फिर रानी बोली कि

जो महापुरुष होते हैं वह सत्य प्रतिज्ञावंत होते हैं यतः —"सकृदपि यत् प्रतिपन्नं तत् कथमपि न त्यजन्ति सत्पुरुषाः" जो एक वार स्वीकार कर लिया तो उसको किसी प्रकार सत्पुरुष नहीं छोड़तें, तो आप मुझे एकान्त में बोला कर क्यों विमुख बैठ रहे हैं ? तब कुमार बोला कि आप को बोलवा कर जिनधर्म में स्थापित कर परलोक के विषे दुःख देनेवाला ऐसा दुष्ट चरित्र से दूर रखुंगा; तब राणी बोली वैसे ही करना, मगर एक वार तो आपके अङ्गका स्पर्श कर पीछे जैसा आप कहेगें वैसा करूंगी; कुमार बोला पाणि ग्रहण के दिन से आज तक कंदर्पावतार जैसा राजा का निरंतर संगम करते भी आप के विषय भोगकी तृप्ति नहीं हुई तो मेरा संग वह भी चोरीसे करना उससे तृप्ति कैसे होगी ? इसलिये दुर्बुद्धि का त्याग कर सन्मार्ग का सेवन करो। इत्यादि पूर्वोक्त युक्ति से बहुत समझाई मगर रानी समझी नहीं और कहने लगी कि ये

सब आपका कहा हुआ करूंगी, मगर आपने जो मेरी दूती को बचन कहा था उसका पालन करो, तब कुमार बोला कि जो मैं दूती से कहा था वह आपको सन्मार्गमें लानेका अभिप्रायसे कहा था, तो इस जन्ममें तो मेरे साथ आपका मनोवांच्छित पूर्ण नहीं होगा। ऐसा कुमार का अपूर्व धैर्य देखकर और अपना दुष्ट अध्यवसाय देखकर राणी वैराग्य पाती हुई कुमारको प्रणाम कर कहने लगी हे बंधव! मैं आपकी पापिनी भगिनीने आप का बड़ा पराभव किया, तो इस पाप से कैसे छुटुंगी? मैं आपकी ओरमान माता की पुत्री लघु बहिन हूँ, आप अपना कुलरूप आकाश में चन्द्रमा तुल्य हुए, आपने परनारीको अपनी भगिनी [बहिन] तुल्य मानी है। मैं तो कलंकवाली हूँ, तो अब प्राण कैसे धारण करूं? इसलिये अब मुझे आपकी आज्ञाका ही शरण है एसा कह कर कुमार को आज्ञा से अपने महल गई और दूसरी तीनों स्त्रियां भी पर पुरुष का

नियम कर, समकित प्राप्त कर कुमारको नमस्कार कर अपने अपने स्थान पर गई। अब राजा कुमारको कहने लगा कि हे महायशः के स्वामी ! इस संसार रूप नाटक बतला कर मेरे पर बड़ा उपकार किया, अब आज्ञा दो तो मेरे स्थान पर जाउं, तब कुमार राजाको पहूंचा आया ।

प्रातः काल को समय है, रणधवल राजा और वीरकुमार एक साथ बैठे बैठे धर्मचर्चा कर रहे हैं, इतने में ईशान कोणमें बड़ा दिव्य तेजका प्रभाव दृष्टिगोचर आया, वह देखकर प्रतिहारी को कहा कि इतना तेजस्वी प्रभाव क्या है ? वह तलास कर राजा को कहने लगा कि—उद्यानमें केवली भगवान समवसर्या है, उसको वंदना करनेके लिये देवता आते हैं, उसका यह तेज है। ऐसा सुनकर बड़े हर्षित होते हुए राजा और कुमार दोनों सब कार्य छोड़कर परिवार समेत केवली को वंदना करने के लिये रवाने हूए ; वहां

जाकर विधिपूर्वक वंदना कर, पर्षदामें बैठे। केवली भगवानने भवतारिणी धर्मदेशना सुनाई, जिससे कइ एक जन प्रतिबोध पाकर चारित्र अंगीकार किया। रणधवल राजा भी अवग्रहसे बाहिर आ कर, मुकुटादि सर्व राज अलंकार कुमार को दे कर, अपना परीवार को कहा कि आजसे यह वीरकुमार तुम्हारा राजा है, मैं तो आजसे दीक्षा अंगीकार करुंगा, ऐसा कह कर केवली भगवानके पास दीक्षा अंगीकार की, वैसे अपना पापकी शुद्धिके लिये राणीने भी दीक्षा ली। कुमार सबको वंदना कर अपने स्थान पर आया और केवली भगवान कइएक दिन ठहर कर अन्यत्र विहार कर गये।

कुमार राजगादि पर बैठ न्यायसे राज का पालन करता था और जैनशासन का प्रभाव कर रहा था। मंत्रीश्वरको भी सब कार्यमें आगे कर अपने बराबर मानता था। एक दिन रिपुमर्दन राजाने कागज भेज कर कुमारोको बोल-

वाया, जिससे अपना विमलनामका मंत्रीको राज-कारभार दे कर श्रीनिलयपुर अपना पिताके पास गया। वहां जाकर अपना पिता को अच्छी तरह धर्म सुनाया जिससे राजा धर्मतत्व जानकर कुमारको राजगादी दे कर अपने चारित्र अंगीकार किया। वीरकुमार भी बहुत काल तक सुखसे राज पालन कर अंत्यमें रणधवल राजऋषि के पास चारित्र लेकर, अनेक देशोंमें विहार कर, लोगों को धर्मोपदेश सुना कर, घनघाती कर्मका क्षय कर, केवल ज्ञान पाकर, अक्षय पद को प्राप्त हुए। ऐसे कंदर्पका मदको तोड़कर लोगों को चमत्कार बतलाकर वीरकुमार कल्याण की परंपरा पाया ऐसा समझकर परस्त्रीका त्याग अवश्य करना श्रेयः है॥

॥इति॥

अथ श्रीसुरप्रियकुमारकी कथा

मगध देशके राजगृह नगरमें श्रीवीरजिनके प्रभास नामका ग्यारहवां गणधर का भाई यज्ञ-प्रिय नामका ब्राह्मण रहता था, उसकी यज्ञयशा नाम की स्त्रीसे सुरप्रियकुमार का जन्म हुआ था ; वह विनयादि गुणसंपन्न स्वरूपवान और शीलादि गुण करके देवताओं को भी प्रिय था।

एक दिन धर्मरुचि मुनिको प्रभास गणधर-जीने कहा कि राजनगर जाकर यज्ञप्रिय नामका ब्राह्मण को धर्मोपदेश करना, वह सुनकर धर्म-रुचि मुनि अनुक्रमे विहार करते करते यज्ञप्रिय के घर आये, यज्ञप्रिय विनयसे खड़ा होकर मु-निको आसन दिया उस पर मुनि बैठे, बाद-यज्ञप्रिय परिवार समेत मुनिको वंदना की, मुनि भी वीरप्रभु के गणधर का परिवार होनेसे बहुत प्रशंसा करके कहने लगे कि प्रभासगणधर ने मेरे मुखसे इतना कहवाया है कि मनुष्यभवादि

सामग्री दुर्लभ से पाकर धर्मकार्यमें किञ्चित् भी प्रमाद करना नहीं, ये वचनों ब्राह्मणने बड़े आदरसे स्वीकार लिया। फिर मुनि बोला कि तुम्हारा व्रतका सुखसे पालन होता है ? ब्राह्मण बोला कि आपकी कृपासे इतना काल तो सुखसे व्रत का पालन हुआ है, अब आगे तो नहीं कह सकता कि कैसे बनेगा। यह सुरकुमार सौभाग्यादिक गुण करके अतिशयवंत है, उसको पांव पांवमें स्त्रीयों कामभोगकी प्रार्थना करती हैं, तो हे भगवन्! यदि यह शीलव्रत खंडन करेगा तो शरत्कालके चन्द्रमा जैसा हमारा स्वच्छ कुल है उसमें कलंक लगेगा। यह सुनकर मुनि बोला कि हे विप्र ! विषाद (खेद) नहीं करो, कुमार पुण्यानुबंधि पुण्यावाला है तो यह अकार्य कैसे करेगा ? ऐसा सुनकर यज्ञप्रिय मुनिको वंदना कर कहने लगा कि इसने पूर्वभवमें ऐसा क्या सुकृत कीया है ? वह कहो, तव मुनि बोला कि यह पीछला भवमें वाणारसी नगरका अरिमर्दन

राजाका जयमाली नामका पुत्र था, वह एक दिन वसंततिलक नामके उद्यानमें क्रीड़ा करनेको गया, वहां अशोकवृक्ष नीचे चारण मुनिको देखा, उसको भक्तिसे नमस्कार कर उसका मुख आगे बैठा। इतनेमें अनंगकेतु नामा एक विद्याधर स्त्री सहित वहां आया, वह भी मुनिको वंदना कर बैठा, तब मुनि विद्याधरको पूछने लगे कि हे विद्याधर! यह तेरे साथ स्वरूपवंती अबला कौन है? तब मुनिको नमस्कार कर लज्जा से नीचा मस्तक कर बोला कि यह ताराचन्द्रनामा विद्याधरका स्वामी की पुत्री है, उसका पति मतंगी साथ रक्त हुआ तब यह पति उपर विरक्त हुई ऐसा समझ कर मैंने इसको अंगीकार की। मुनि बोला हे भद्र! परस्त्री गमन वह पुरुषको अपना कुलमें कलंक है, द्वेष और अपयश का कारण है, वैसे परभवमें नरकने भयंकर दुःख देनेवाली है, परमाधामी देव गरम जलती हुई तांबा की पुतली साथ आलिंगन कराते हैं, ऐसे

मुनि उपदेश द्वारा समझा रहे है इतनेमें स्त्रीका भर्त्तार खुल्ला शस्त्र ले कर अनंगकेतुको अत्यन्त तर्जना करता हुआ वहां आया। अनंगकेतु भी लड़ने के लिये तैयार हुआ और कहने लगा कि हे मातंगोका धणी! आज तूँ अपने कर्मों से मरेगा, ऐसा आक्षेप कर युद्ध करने लगा। वे दोनों बहुत देर तक युद्ध करते २ दोनों मरण पायें और स्त्री भी अपरपति अनंगकेतुका शरीर लेकर अग्निमें जल गई। ऐसा देख कर चारन-मुनि शोक करने लगे, तब जयमाली मुनिको पूछने लगा कि आप शोकाग्रस्त कैसे हुए? मुनि बोला कि यह विद्याधर संसारपनेका मेरा भाई था, वह अवी नवकार रहित सहसा पापसे मरण पाया, वह हमको शोकका कारण हो गया, ऐसा सुनकर जयमाली नमस्कार कर कहने लगा कि हे भगवन्! मुझको परस्त्री गमन त्याग (चतुर्थ व्रत) करा दो। तब मुनि बोला कि प्रथम मैं इस व्रत का स्वरूप बतलाता हूँ उसको श्रवण कर।

परस्त्री के दो भेद है—एक वैक्रिय शरीर संबंधी और दूसरी औदारिक शरीर संबंधि। औदारिक के दो भेद है—एक मनुष्य संबंधि, दूसरी तिर्यंच संबंधि। मनुष्यमें भी दो भेद है— एक परणीत और दूसरी संग्रह की हूई। इतने भेदमें जितने भांगे व्रत लेना उसकी विरति वह चौथा व्रत है। इस व्रतका पांच अतिचार है—प्रथम अपरिग्रहितागमन, दूसरा इत्वर वह अल्प काल तक कोई स्त्रीको भाड़े रखना, ये दो अतिचार सेवन करने से व्रत भांगेगा, ऐसा जानता हुआ सेवे तो व्रत भंग होता है। कभी विधवागमन या वैश्यागमन करने गया और व्रत याद आया मेरे तो परस्त्री का पच्चक्खाण है और यह किसी की स्त्री तो नहीं है तो मेरा व्रत कैसे भांगेगा? तथा दूसरे अतिचारमें भाडे रखी हो इसमें विचार करे कि यह मेरी स्त्री है, इसमें व्रत कैसे भांगे? ऐसा व्रत साक्षेपपनसे अज्ञानपने विचार कर भोगवे तो अतिचार लगे और जानकर भोगवे

तो व्रत भंग हो जावे। तीसरा अनंग क्रीड़ा अतिचार वह स्त्री आदिक को चूंबनादि करे तो लगे। दूसरेका विवाह आदि करादेवे साटा करे यह पर विवाह करण चोथो अतिचार। और तीव्र अनुराग रखे रात्री दिन काम भोगमें चित्त रखे यह पांचवाँ अतिचार। ये पांच अतिचार छोड़ना चाहिये। व्रत पालने का फल कहा है कि—इस लोकमें यशकीर्ति और सौभाग्य बढ़ता है, परलोकमें स्वर्ग तथा मोक्ष के सुख पाते है। जो प्राणी इस व्रतको ग्रहण न करे या ग्रहण करके भांगे वह प्राणी दुर्भाग्य होता है, नपुंसक होता है और दुर्गति में जाता है। ऐसा सुनकर राजकुमार भी विशेष तत्व जानकर मुनि के पास चौथा व्रत अंगीकार किया। चारनमुनि आकाश मार्गे गरुड़ की जैसे उड़कर अन्यत्र चले गये, राजकुमार भी अपना आत्माको कृतार्थ मानता हुआ घर पर आया। कुमार का सौभाग्यादि गुण करके अपरिग्रहीता परस्त्री बहुत सी मिले

तोभी अपना व्रतमें अतिचार नहीं लगाया और शील खंडन नहीं किया। एक दिन कुमार राज सभामें बैठा हुआ था, उस समय वर्णावर्ण की बात चली, उसमें ऐसा कहवाया कि सब वर्णोंको क्षत्रियवर्ण रक्षा करते हैं, इसलिये क्षत्रिय-वर्ण ही प्रधान है। ऐसा सुनकर जयमालीको जातिमद उत्पन्न हुआ, अनुक्रमसे वहांसे मरकर पहिले देवलोकमें देवपने उत्पन्न हुआ, वहांसे च्यव कर यह तुम्हारा पुत्र हुआ है। इस प्रकार पीछले भवमें चौथा व्रतका अच्छी तरह पालन किया है, जिससे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है और स्वरूपी हुआ है, जिससे यह अपना शील खंडन नहीं करेगा।

इस प्रकार मुनिके मुखसे सुनकर सुरप्रिय कुमारको जातिस्मरण ज्ञान हुआ, जिससे मुनिने कहा हुआ यथार्थ देखकर पिताको कहने लगा कि हे पिता जी! मुझे आज्ञा दो तो मैं चारित्र अंगीकार करुं; तब यज्ञप्रिय बोला कि हे वत्स!

कुच्छ समय ठहरो, अवसर पाकर श्रीप्रभास- गणधर जी पासमें चारित्र लेवेगें, यह सुनकर धर्मरुचि मुनिके पास यद्यपि यतिधर्मका रागी है तोभी पिताके वचनसे सुरप्रिय कुमार ने श्रावक के व्रत अंगीकार किया । मुनि उपदेश दे कर अन्यत्र विहार कर गये और सुरप्रिय कुमार शुद्ध भावसे श्रावक धर्म पालन कर रहा है ।

एक दिन सुरप्रिय कुमार उद्यान में केलि- गृहमें सो रहा था, इस वक्त एक स्वरूपवंती व्यंतरी वहां आई । वह कुमारका स्वरूप देखकर मोहित हो गई और कुमारिका स्त्री का रूप बना- कर काम विकारके वचनों बोलने लगी। तब कु- मार विचारने लगा कि निश्चय यह मनुष्य की स्त्री नहीं है, जिस्से इसको बिलकुल लज्जा नहीं है और इसकी आंखों भी मीचाती नहीं है। ऐसा विचार कर अपने घर पर चला आया, व्यं- तरी भी निराश हो कर अपना भर्त्तार के पास जा कर कहने लगी कि एक ब्राह्मण ने मेरे आगे विषय भोगकी बहुत प्रार्थना की; मगर धैर्य धा-

रण कर उस दुष्टके पास से भाग आई। ऐसा व्यंतरी का वचन सुनकर व्यंतर क्रोधित होता हुआ, संध्या समय कुमारको मारने आया। यहां कुमार भी अपना आवास गृह पर आकर अपनी स्त्री को पूछने लगा कि आज तूँ उद्यानमें अकेली कैसे आई थी? तब स्त्री कान ढांक कर बोली हे स्वामिन्! यह आप क्या बोलते हैं? कोई भी कुलवंती स्त्री अकेली कंई भी नहीं जावे तो मैं प्रभासजी की स्नुषा हो कर अकेली वनमें कैसे आ सकती हूँ? तो सच्च कहो यह बात पूछनेका क्या कारण है? तब कुमार व्यंतरी की सब बात यथार्थ कह दी। यह बाहिर खड़ा हूआ व्यंतर सुनकर विचारने लगा कि अहो! मेरी स्त्री का दुष्ट चरित्र!!! वह दुःशीलवती है ऐसी स्त्री को धिक्कार हो। ऐसा विचार कर व्यंतर सुरप्रिय कुमारको सब बात कह कर कहने लगा— मैं आपका शीलगुण से प्रसन्न हुआ हूँ तो कुच्छ वरदान मांग लें; तब कुमार बोला कि मैं धर्म प्राया हूँ जिससे अन्य किसी का भी प्रयोजन

नहीं, फिर व्यंतर बोला कि देवदर्शन व्यर्थ नहीं जाता, इसलिगे कुच्छ मांग ले, तब कुमार बोला कि मेरा आयुष कितना है ? व्यंतर बोला कि तुम्हारा आयुष बहुत नजीक है, ऐसा कहकर कुमार की वहत स्तुति कर और सुवर्णकी वृष्टिकर व्यंतर अदृश्य हो गया। तब सुरप्रियकुमार अपना आयुष बहुत कम जान कर संथारा किया, एक मासकी संलेषणा कर समाधि पूर्वक मरण पा कर बारहवां अच्युत देवलोकमें देवता हुआ, वहां उत्कृष्टा बाईस सागरोपमका आयुष भोगव कर मनुष्य अवतार पाकर उत्कृष्ट व्रतके प्रभावसे अक्षय शाश्वत स्थानक पावेगा ॥ ऐसा शीलव्रत का माहात्म्य देखकर सुरप्रिय कुमार की जैसे शुद्ध भावसे शील पालना, शील खंडन से अनंगकेतु विद्याधर की सर्व ऋद्धि नाश हुई और प्राणसे भी चला गया और दुर्गतिमें पहूंचा, ऐसा समझ कर शील का खंडन नहीं करना ।

॥ इति सुरप्रियकुमार की कथा ॥

ब्राह्मी चन्दनबालिका भगवती राजीमती द्रौपदी, कौशल्या च मृगावती च सुलसा सीता च भद्रा-सती। कुन्ती शीलवती नलस्य दयिता चूला प्रभावत्यपि, पद्मावत्यपि सुंदरी दिनमुखे कुर्वन्तु वो मङ्गलम् ॥ १ ॥

अर्थ—ब्राह्मीजी, चन्दनबालाजी, राजीमतीजी, द्रौपदीजी, कौशल्याजी, मृगावतीजी, सुलसाजी, सीताजी, भद्रासतीजी, कुन्तीजी, शीलवतीजी, दवयन्तीजी, चूलाजी, प्रभावतीजी, पद्मा-वतीजी और सुन्दरीजी ये सोलह महासती हैं वे तुम्हारा दिन ऊगे मंगल करें ॥ १ ॥

अन्तिम मङ्गलिक श्लोक

शिवमस्तु सर्वजगतः,

परिहितनिरता भवन्तु भूतगणाः ।

दोषाः प्रयान्तु नाशं,

सर्वत्र सुखीभवतु लोकः ।

इति

श्रीशीलरत्नसार संग्रह ग्रन्थ

समाप्तम् ।

शुभं भवतु

ॐ

शान्ति ! शान्ति !! शान्ति !!!

सेवं भंते सेवं भंते गौतम बोले सही,
श्रीमहावीर के वचनामें कुछ सन्देह नहीं ।

जैसा लिखा हुवा ग्रन्थ, पुस्तक, पानेमे देख्या, बांच्या, तथा सज्जनसे धार्या, सुण्या वैसा ही अल्प बुद्धिके अनुसार लिखा है, तत्व केवली गम्य।

अक्षर, कानो, मात. अनुस्वार, ह्रस्व, दीर्घ, पद आगो पीछो, ओछो अधिको, जिनवाणी विपरीत अशुद्ध पणे लिख्यो होय तथा कोई तरहकी छपाने में ज्ञानादिक की विराधना कीनी होय, जाणते अजाणते कोई दोष लाग्यो होय तो मन वचन काया करी मिथ्या दुष्कृत देता हुँ।

शुभं भवतु

इति श्रीशीलरत्नसार संग्रह ग्रन्थ समाप्तम्

श्री अगरचंद भैरोंदान सेठिया
जैन ग्रन्थालयमें छपी हुई अमूल्य पुस्तकें—

७ ज्ञान थोकड़ा तीजा भाग २४ ठाणा आदिका थोकड़ा
८ ज्ञान थोकड़ा चौथा भाग सात नय, चार निक्षेपा छव लेश्या का थोकड़ा
१२ श्रावक स्तवन संग्रह भाग २
१३ „ „ भाग ३
१४ सामायिक तथा नित्यनियम
१५ सुबोध स्तवन संग्रह
१६ पच्चीस बोलका थोकड़ा विस्तार सहित
१७ सामायिक तथा मंगलिक दोहा
१८ आलोयणा संग्रह
१९ ज्ञान बहोत्तरी तथा व्यवहार समकितका ६७ बोल
२० ज्ञानमाला न० १-२
२१ विविध ढाल संग्रह
२२ आहारका १०६ दोष तथा बावनाचार
२३ लघु दंडकका थोकड़ा
२४ जैन ज्ञान थोकड़ा संग्रह
२५ दशवैकालिक सूत्र मूलपत्राकार हलकी और बढ़ीया कागजमें छप रही हैं।
२६ उत्तराध्ययन सूत्र मूल „
२७ वीर थुई (सूयगडांग अ० ६) „
२८ नमिराय (उत्तराध्ययन अ० ९) „